उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## मंगलवार, 23 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1939

**( दिनांक : 13 जून, 2017 )**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "**क**")

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी "**ख**")

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा, द्वारा "जनपद टिहरी के घनसाली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत दुर्गम क्षेत्र में स्थित इण्टरमीडिएट कालेज श्री नवजीवन आश्रम घुत्तू के विज्ञापित पदों पर साक्षात्कार न होने के सम्बन्ध में" श्री केदार बर्त्वाल ग्राम गंवाणा मल्ला, पो0-घुत्तू भिलंग, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा, द्वारा "जनपद टिहरी के घनसाली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज ठेला नैलचामी के भवन की स्वीकृति के सम्बन्ध में" श्री आनन्द बिष्ट, ग्राम-पुण्डोली, पो0-मल्लाकोट, पट्टी नैलचामी, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य विधान सभा, द्वारा "टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत ग्राम जखन्याली के नौताड़ नामे तोक में दिनांक 31-07-2014 को आई दैवीय आपदा में लापता स्व० राजेश नौटियाल के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बन्ध में" श्री आनन्द सिंह बिष्ट, ग्राम-पुण्डोली नैलचामी पो0-मल्ला, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, द्वारा "जनपद बागेश्वर के कौसानी स्थित बन्द चाय फैक्ट्री को प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में" श्री जगदीश सिंह भण्डारी एवं अन्य 05, ग्राम व पोस्ट कौसानी, जनपद बागेश्वर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, द्वारा "जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड गरूड़ के ग्राम घिरतोली की एक हजार हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई हेतु लिफ्ट योजना स्वीकृत किए जाने के सम्बन्ध में" श्री शिव सिंह बिष्ट, ग्राम भगरतोला पोस्ट हनेनाई, जनपद बागेश्वर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

14. वित्तीय वर्ष 2017-2018 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

15. वित्तीय वर्ष, 2017-2018 के आय-व्ययक की मांगों पर चर्चा एवं मतदानः-

(1) निर्वाचन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-05 निर्वाचन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 337808 हजार (रूपये तैतीस करोड़ अठ्हत्तर लाख आठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग))

(2) वित्त मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-07 वित्त, कर , नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाओं के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 42287970 हजार (रूपये चार हजार दो सौ अठ्ठाईस करोड़ उन्यासी लाख सत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग))

(3) आबकारी मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-08 आबकारी के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 119927 हजार (रूपये ग्यारह करोड निन्यानवे लाख सत्ताईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग))

(4) सहकारिता मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-18 सहकारिता के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 243790 हजार (रूपये चौबीस करोड़ सैंतीस लाख नब्बे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग))

(5) सिंचाई मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-20 सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 4442339 हजार ( रूपये चार सौ चवालीस करोड़ तेईस लाख उन्तालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग))

(6) पर्यटन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-26 पर्यटन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 729624 हजार ( रूपये बहत्तर करोड़ छियानवे लाख चौबीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

(7) कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-29 औद्यानिक विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 1676092 हजार (रूपये एक सौ सड़सठ करोड़ साठ लाख बयानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

(8) शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगें कि 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-11 शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 37081097 हजार ( रूपये तीन हजार सात सौ आठ करोड़ दस लाख सतानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

(9) वन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-27 वन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 3818902 हजार (रूपये तीन सौ इक्यासी करोड़ नवासी लाख दो हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

16. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

17. जनपद ऊधमसिंह नगर के जिला मुख्यालय रूद्रपुर में ट्रेंचिंग ग्राउण्ड (कूड़ाघर) निर्माण हेतु सरकार द्वारा भूमि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में श्री राजकुमार ठुकराल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को दी गई सूचना पर शहरी विकास मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

18. हरिद्वार ग्रामीण में स्थित "पुरानी हरिद्वारी" नामक सड़क मार्ग कांगड़ी, गाजीवाली, श्यामपुर सजनपुर पीली, पर्वतीय कालोनी से होकर कुंडी सोटा तक जाने वाले सड़क मार्ग के पुनः निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में श्री यतीश्वरानन्द, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को दी गई सूचना पर माननीय मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 12 जून, 2017**

(जगदीश चन्द्र)
**सचिव।**

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### मंगलवार, 23 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1939

### (दिनांक : 13 जून, 2017)

### नत्थी ''क''

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>27.04.2017 | ** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को क्षति हुई है? यदि हॉ, तो क्या सरकार प्रभावित कृषकों को फसल क्षति का उचित मुआवजे का भुगतान करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | आपदा प्रबंधन |
| श्री चन्दन राम दास<br>29.05.2017 | ** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बागेश्वर जिले के अर्न्तगत बैजनाथ धाम को पर्यटन सर्किट से जोड़ने हेतु कोई निर्माण की योजना चल रही है? यदि हां, तो अभी तक कितनी धनराशि निर्गत हुई है, और क्या निर्माण कार्य प्रस्तावित है? इस सम्बन्ध में क्या सरकार सम्बन्धित पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं तों क्यों? | पर्यटन |

# नत्थी ''ख''

# तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.04.2017 | *1. क्या धर्मस्व मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री तथा हरकी पैडी जैसे धामों में जो सफाई कर्मचारी कार्यरत है उन्हें नियमित वेतनमान तथा सुख सविधाऐं दी जा रही है? जो मंदिर समिति के अन्य कर्मचारी तथा पदाधिकारी को दी जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | धर्मस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.04.2017 | *2. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित सड़कों पर परिवहन की समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा रोड़वेज बसें चलाने अथवा निजी आपरेटरों को बस संचालन हेतु परमिट देने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02.05.2017 | *3. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत, थातियों मेलों, त्योहारों, धार्मिक उत्सवों कलाओं व विधाओं को संरक्षित रखने तथा उनके उन्नयन के लिए सरकार कोई नीति बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02.05.2017 | *4. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में स्थित धार्मिक, पर्यटक स्थलों व पौराणिक मंदिरों को चिन्हित कर उनके विकास व संरक्षण के लिए कोई ठोस कार्य योजना/नीति बनाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03.05.2017 | *5. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में खराब पड़े हैण्डपम्पों /क्षतिग्रस्त नहरों/खराब नलकूपों तथा बन्द पड़ी हाईड्रम सिंचाई योजनाओं का पुनःनिर्माण किया जायेगा? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.05.2017 | **छठे सोमवार के तारांकित 5 में स्थानान्तरित**<br>*6. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने हेतु जस्टिस इरशाद हुसैन समिति का गठन किया गया था जिसे संविधान के अनुच्छेद 16–(4–क) तथा 16–(4–ख) के अन्तर्गत अपनी संस्तुति प्रस्तुत करनी थी और इस समिति ने अपनी संस्तुति सरकार को सौंप दी थी? यदि हॉ, तो क्या सरकार ने इस संस्तुति को सदन के पटल पर रखा था? यदि नहीं तो क्या सरकार इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करेगी? यदि हां तो, कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>16.05.2017 | *7 क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल और यात्रा पड़ाव पीपलकोटी नौरख के प्रमुख स्थल कैलपीर गढ़, तैलाधाम, गुफा शिवालय, होमकुण्डी आदि के विकास एंव पर्यटन स्थल संर्वधन की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>16.05.2017 | *8 क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में बहने वाली ढ़ेला नदी में बरसात के मौसम में बाढ़ आने से प्रतिवर्ष नदी के किनारे बसे मो0 लक्ष्मीपुर पट्‌टी, ग्राम बॉसखेड़ाकलॉ, रायपुरखुर्द, जगन्नाथपुर एवं गुलड़िया के निवासियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है? क्या मंत्री इस बात से भी अवगत हैं कि नगर क्षेत्र काशीपुर की मलिन बस्ती जो ढ़ेला नदी के किनारे बसी है, के निवासियों के घर एवं उनका घरेलू सामान प्रतिवर्ष ढ़ेला नदी के बाढ़ की जद में आने से नदी में समा जाता है? यदि हां, तो ढ़ेला नदी के बाढ़ से स्थानीय निवासियों के जान माल की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे हैं और क्या आने वाली बरसात से पूर्व नदी के तटबंध को पक्का कराये जाने के लिए सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनायी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हां, तो क्या सरकार योजना का प्रारूप सदन को उपलब्ध करायेगी? | सिंचाई |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>23.05.2017 | *9 क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि गौरा देवी कन्या धन योजना के तहत बारवीं कक्षा उत्तीर्ण करने पर गरीब परिवार की छात्राओं को 50 हजार रूपये दिये जाते है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत है कि गरीब छात्राओं के परिवार की आय हेतु जो मानक निर्धारित किये गये है व बहुत कम होने के कारण इसका लाभ अधिकांश गरीब छात्राओं को नहीं मिल पा रहा है? यदि हॉ, तो क्या सरकार आय के मानक को बढ़ाये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>24.05.2017 | *10 क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मध्य हिमालयी क्षेत्र में योग को बढ़ावा देने के लिए योग अभ्यास केन्द्रों को खोले जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री राजकुमार<br>24.05.2017 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>*11 क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत जनपदवार कुल कितना बजट आवंटन किया गया है? क्या उत्तराखण्ड के सभी जनपदों को अनुसूचित जाति/जनजाति की जनसंख्या के अनुपात में बजट आवंटन/खर्च किया जा रहा है? यदि हॉ, तो सरकार जनपदवार विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

<u>अतारांकित प्रश्न</u>

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.04.2017 | 1. क्या धर्मस्व मंत्री अवगत है कि केदार, बदरी, गंगोत्री, यमनोत्री में पूजा पाठ की प्रकिया का अभिन्न अंग ढोल बजाना भी है? क्या सरकार ढोलवादक को पुजारी जैसा मान सम्मान देने की व्यवस्था करेगी तथा उनको वेतन तथा अन्य सुख सुविधाऐं पंडा पुजारियों की भॉति प्रदान की जायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | धर्मस्व |
| श्री संजय गुप्ता<br>28.04.2017 | 2. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि लक्सर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत लक्सर में वर्तमान समय तक रोडवेज बस डिपो का निर्माण नहीं हुआ है? क्या सरकार जन समस्या को देखते हुए लक्सर में रोड़वेज बस डिपो का निर्माण करने पर कोई विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री सुरेश राठौर<br>29.04.2017 | **मा0उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त**<br>3. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि सिंचाई विभाग द्वारा वेणु नेत्र संस्थान रामनगर को जमीन लीज पर आवंटित की गई है? यदि हॉ, तो क्या यह सत्य है कि संस्थान के निदेशक द्वारा पट्टे का दुरूप्रयोग कर आस–पास अतिक्रमण करते हुए जमीनों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है? यदि हॉ, तो क्या सरकार उक्त प्रकरण की जॉच करा कर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| काजी मौ0निजामुद्दीन<br>29.04.2017 | 4. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के नारसन ब्लाक के अन्तर्गत तांसीपुर रास माइनर से ग्राम खेड़ा व ग्राम उल्हेड़ा में निकलने वाले स्त्रोतों में पानी न आने के कारण सैकड़ों हेक्टेयर भूमि असिंचित है, जिससे किसानों की फसल खराब हो रही है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगें कि सिंचाई विभाग उक्त माइनर के स्त्रोतों तक पानी पहॅुचाने की यथा शीघ्र क्या कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| काजी मौ0निजामुद्दीन<br>29.04.2017 | **चतुर्थ मंगलवार के अतारांकित 19 में स्थानान्तरित**<br>5. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सिंचाई हेतु कितने नलकूप है तथा इस समय कितने नलकूप कार्यरत है और कितने खराब है? क्या सरकार की खराब नलकूपों को ठीक करने हेतु कोई कार्य योजना प्रस्तावित है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | लघु |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.05.2017 | 6. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमॉयू मण्डल विकास निगम एवं गढ़वाल मण्डल विकास निगमों में संविदा तथा वर्कचार्ज में कितने कर्मचारी कार्यरत है और उसमें अनुसूचित जाति का प्रतिशत क्या है? | पर्यटन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.05.2017 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>7. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बॉध परियोजना से प्रभावित/विस्थापित अनुसूचित जाति के परिवार कितने थे, एवं जिन्हें कृषि एवं आवासीय भूमि आवंटित की गयी थी एवं इनमें से कितनों ने जनपद हरिद्वार तथा देहरादून में आवंटित कृषि भूमि एवं आवासीय भूखंडों को बिना संबंधित कलेक्टर की अनुमति से बेच दिया? क्या सरकार तत्संबंधी विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.05.2017 | 8. क्या धर्मस्व मंत्री अवगत है कि भारत का संविधान अनु0–13 जिसके अनुसार मूल अधिकारों से असंगत या उनका अल्पीकरण करने वाली विधियॉ–(1) इस संविधान के प्रारम्भ से ठीक पहले भारत के राज्य क्षेत्र में प्रवृत्त सभी विधियॉ उस मात्रा तक शून्य होगी, जब तक वे इस भाग के उपबंधों से असंगत है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि श्री बदरीनाथ, श्री केदारनाथ मंदिर अधि0 1939 से लेकर 1964 तक संविधान के अनु0 13 व अनु0 25 के अनुरूप संगत नहीं है? यदि हॉ, तो क्या श्री बदरीनाथ, श्री केदारनाथ मंदिर अधिनियम स्वतः ही निष्प्रभावी हो गया है? यदि हॉ, तो कब से और यदि नहीं, तो क्यों | धर्मस्व |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.05.2017 | 9. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री बदरीनाथ, श्री केदारनाथ मंदिर अधिनियम 1939 जिसमें उत्तर प्रदेश अधि0 संख्या 4, 1941, उत्तर प्रदेश अधि0 15, 1942, उत्तर प्रदेश अधि0 संख्या 4, 1948 उत्तर प्रदेश अधि0 संख्या 30, 1948, उत्तर प्रदेश अधि0 संख्या 21, 1963 तथा उत्तर प्रदेश अधि0 संख्या 8, 1964 द्वारा संशोधन के परिपेक्ष्य में कोई संशोधन उत्तराखण्ड सरकार ने प्रस्तावित किया था, या विचाराधीन है? यदि हॉ, तो क्या सरकार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.05.2017 | 10. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मंडल विकास निगम तथा कुमॉऊ मण्डल विकास निगम में अलग–अलग कुल कितने पद प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में स्वीकृत है, और उसके सापेक्ष कितने पद भरे हुए है एवं उसमें अनुसूचित जाति का प्रतिशत श्रेणीवार कितना है? स्वीकृत पदों के सापेक्ष अनुसूचित जाति के कितने पद भरे गये है? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.05.2017 | 11. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में कौशल विकास योजना तथा वर्तमान में प्रचलित ग्रामीण शिल्पकला/शिल्पकार जिसमें मैदानी क्षेत्र के चर्मकार तथा पहाड़ी क्षेत्र के दलित, दर्जी, लोहार, बढई, बुनकर, चित्रकार, मूर्तिकार, रिंगाल व्यवसाय से जुड़े हुए है, का चिन्हीकरण कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>04.05.2017 | 12. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के लिए देहरादून से हापला के लिए पूर्व में रोड़वेज बस सेवा प्रारम्भ की गयी थी? यदि हॉ, तो वर्तमान में यह सेवा चल रही है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार उक्त सेवा को प्रारम्भ करेगी? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.05.2017 | 13. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा कुमॉऊ मण्डल विकस निगम में अलग–अलग कुल कितने पद प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में स्वीकृत है, और उसके सापेक्ष कितने पद भरे हुए है, एवं उसमें अनुसूचित जाति का प्रतिशत श्रेणीवार कितना है? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.05.2017 | 14. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार तथा जनपद देहरादून में सपेरा जाति (बंगाली) जो अनु0 जाति में आते है, प्रायः हरकी पैड़ी, रेलवे स्टेशन, आईएसबीटी तथा मुख्य–मुख्य चौराहों पर भीख मांगते दिखाई देते है? यदि हॉ, तो देहरादून ग्राम हरिपुल कंला, तहसील ऋषिकेश के लगभग 40–50 परिवार जो कि पिछले 75 सालों से भी अधिक समय से गंगा के किनारे रह रहे है, उनकी आबादी स्थल को व्यवस्थित कर रोजगार के लिये सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है? यदि नहीं, तो इसके लिए उत्तरदायित्व निर्धारित कर उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.05.2017 | 15. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि उत्तरांचल विश्वविद्यालय प्रेमनगर,देहरादून में बीए, एलएलबी, तथा अन्य टैक्निकल ट्रेड़ विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये जा रहे है परन्तु अनु0जाति के छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति के फॉर्म समय से जमा कराने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी ने आज तक इस विश्वविद्यालय का कोई स्थलीय निरीक्षण नहीं किया? क्या सरकार संबंधित विश्वविद्यालय तथा समाज कल्याण अधिकारी के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेगी? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.05.2017 | 16. क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि भोटिया शिल्पकार जाति में विकासखण्ड धारचूला, मुनस्यारी, जोशीमठ विकासखण्डों में कौन–कौन जातियॉ आती है? क्या उन्हें भोटियॉ जनजाति का प्रमाण पत्र दिया जाता है, और क्या सरकार इन जातियों के आर्थिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए कोई योजना चला रही है? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.05.2017 | 17. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि झबरेड़ा क्षेत्र में राज्य परिवहन निगम द्वारा एक भी बस संचालित नहीं की जाती है न ही इस क्षेत्र में कहीं कोई परिवहन निगम का बस अड्डा मौजूद है जबकि इस क्षेत्र के नागरिकों को अपने विभिन्न कार्यों के लिए जनपद हरिद्वार के मंगलौर, रूड़की, भगवानपुर आदि जाना पड़ता है और सीमा पर स्थित उत्तर प्रदेश के विभिन्न नगरों के लिए स्थानीय नागरिक यात्रा करते है? यदि हॉ, तो अभी तक इस दिशा में क्या कार्य किया गया? तथा क्या सरकार जनहित में झबरेड़ा क्षेत्र में राज्य परिवहन निगम की बस संचालित करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2017 | 18. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड जौनपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धनचुला पट्‌टी सकलाना के सिलखाला एवं उपाटया तोक में वर्ष 2012–13 में लघु सिंचाई विभाग उपखण्ड नरेन्द्रनगर द्वारा सिंचाई गूल का निर्माण करवाया गया था? क्या यह सत्य है कि अगस्त 2015 में बाढ़–भूस्खलन के कारण उक्त दोनों सिंचाई गूलें पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गयी थी? यदि हॉ तो उक्त क्षतिग्रस्त सिंचाई गूलों का पुर्ननिर्माण कब तक करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों, | लघु सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.05.2017 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>19. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में अनुसूचित जाति के आर्थिक उत्थान हेतु बारहवी पंचवर्षीय योजना काल में कितनी नयी मांगों की सूची (एस0एन0डी0) जिला तथा राज्य सैक्टर के लिए बनायी गयी थी? क्या सरकार इन मांगों की सूची से सम्बन्धित विभाग का नाम परिव्यय, बजट प्राविधान व अवमुक्त धनराशि और व्यय की गयी राशि विभागीय मदों में पुर्नविनियोग तथा कालातीत राशि का विवरण सदन के पटल पर रखेगें? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>15.05.2017 | 20. क्या परिवहन मंत्री इस बात से अवगत है कि काशीपुर शहर में बाजपुर रोड़ रेलवे क्रासिंग के बराबर में उत्तराखण्ड परिवहन निगम का बस अड्डा संचालित है और अब शीघ्र ही इस रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण प्रारम्भ होने वाला है? रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण प्रारम्भ होने के दिन से ही परिवहन निगम के इस बस अड्डे से बसों के संचालन में बहुत बड़ी बाधा आ जाएगी जिसके समाधान हेतु क्या सरकार द्वारा काशीपुर रोड़वेज बस अड्डे को काशीपुर में प्रस्तावित फोरलेन बाईपास पर ग्राम सरबरखेड़ा में स्थानान्तरित किये जाने का निर्णय लिया गया है? यदि हॉ, तो सम्बन्धित प्रक्रिया कब तक प्रारम्भ हो जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.05.2017 | 21. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर तथा थौलधार में वर्ष 2014–15 तथा 2015–16 में कुल कितनी सिंचाई नहरों को दैवीय आपदा, बाढ़, भूस्खलन व अतिवृष्टि के कारण क्षति पहुंची है और कितनी क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों का पुर्ननिर्माण करवाया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>17.05.2017 | 22. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के किन–किन ट्रेकों को साहसिक पर्यटन हेतु विकसित करने की योजना सरकार द्वारा तैयारी की जा रही है? क्या इनमें पीपलकोटी–रूद्रनाथ,पीपलकोटी वंशीनारायण–पांडवसेरा,पीपलकोटी डुमक कलगोठ–कल्पनाथ ट्रेक,पीपलकोटी–पांचूला बुग्याल ट्रेक के लिए कोई योजना है? यदि हां तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>17.05.2017 | 23. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में रिंगाल हस्तशिल्प के संर्वधन हेतु कोई प्रशिक्षण केन्द्र वर्तमान में किन–किन स्थानों पर चल रहे हैं? क्या सरकार रिंगाल हस्तशिल्पयों को प्रोत्साहन देने की कोई योजना बना रही है? यदि नही ंतो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.05.2017 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>24. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनु0 जाति के लोगो के जाति प्रमाण पत्र एंव मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए कोई अभियान चलेगा? यदि हां क्या कोई ऐसी व्यवस्था बनेगी जिसके आधार पर आधार कार्ड या फोटो पहचान पत्र प्रणाली से सम्यक रूप से सभी ग्रामवासियों तथा नगरवासियों के मूल निवास स्थायी प्रमाण पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र बन जायेंगे? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>17.05.2017 | 25. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि, केदारनाथ यात्रा मार्ग पर स्थित केदारनाथ, उसके मार्ग, गौरीकुण्ड, सोनप्रयाग, सीतापुर,रामपुर, फाटा गुप्तकाशी से लेकर सिल्ली तक प्रतिवर्ष यात्रा काल में आने वाले लाखों यात्रियों के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था है? यदि हां, तो क्यों यह व्यवस्था किस एजैन्सी द्वारा सचांलित की जाती है? इस एजैन्सी के चयन का आधार क्या था?यह एजैन्सी उत्तराखण्ड मूल के कितने स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान कर रही है? क्या मंत्री जी इस वर्ष इस व्यवस्था की कार्ययोजना और उस पर किये जा रहे खर्च का विवरण सदन के सामने प्रस्तुत करेंगे? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि द्वितीय केदार मद्‌महेश्वर और तृतीय केदार तुंगनाथ के मार्ग पर पर्यटकों और तीर्थ यात्रियों के अस्थाई शौचालयों और प्रतिक्षालयों के निर्माण की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या यह योजना इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण हो जायेगी? यदि नहीं, तो सरकार कब तक इन दो केदारों में इन सुविधाओं को विकसित करने की योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यां? | पर्यटन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>18.05.2017 | 26. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार काशीपुर जिला उधमसिंहनगर के रमणीक स्थल द्रोणासागर एवं गिरीताल का स्वामित्व कुमायूँ मण्डल विकास निगम के अधीन करते हुए इनका सौन्दर्यकरण कर इन स्थलों को तीर्थाटन की मान्यता प्रदान कर चारधाम यात्रा से जोड़ने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो संबंधित योजना का आकार और इसकी कार्याविधि क्या होगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.05.2017 | 27. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार व जौनपुर से वर्ष 2016–17 में अनु0 जाति परिवारों की पुत्रियों के विवाह हेतु विभागीय सहायता के कुल कितने आवेदन पत्र विभाग को प्राप्त हुए और उनमें से कितने परिवारों/आवेदकों को लाभान्वित किया गया? क्या सरकार इस योजना से वंचित आवेदकों को योजना से लाभान्वित करायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>19.05.2017 | **तृतीय मंगलवार के अतारांकित 8 में स्थानान्तरित**<br>28. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि श्रीबद्रीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा यात्राकाल में कुछ अस्थाई कर्मचारियों को सीजनल नियुक्ति दी जाती है? यदि हॉ, तो विगत यात्राकाल में कुल कितने कर्मचारियों की नियुक्ति की गई, तथा उन पर कुल कितना व्यय किया गया? क्या मा0 मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में कितने पदों पर अस्थाई सीजनल कर्मचारियों की नियुक्ति पर सरकार विचार कर रही है, तथा इनकी चयन प्रकिया की कौन पद्धति मंदिर समिति द्वारा अपनायी जाती है? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>19.05.2017 | 29. क्या परिहवन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम में अधिकारी वर्ग में विगत 03 वर्षों से कोई पदोन्ति हुई है? यदि हुई तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं हुई तो क्यों और उसका विवरण क्या है? | **परिवहन** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>23.05.2017 | 30. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि जनपद उत्तरकाशी पिछड़ी जाति तथा टिहरी के विकास खण्ड जौनपुर, छाम तथा प्रतापनगर घोषित हो गया है? पिछड़ी जाति में ब्राहमण, राजपूत तथा अन्य स्वर्ण जाति आ गये है परन्तु जनपद उत्तरकाशी तथा टिहरी गढ़वाल में विशेषकर अनुसूचित जाति शिल्पकार, बाजगी आदि की स्थिति पूर्ववत हैं तथा व्यक्तिगत तथा सामूहिक बंधुवा मजदूरी अभी भी विद्यमान है? यदि हॉ, तो क्या सरकार अनुसूचित जाति के लोगों का किस प्रकार से आर्थिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए क्या प्रयास करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>23.05.2017 | 31. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के जोशीमठ विकास खण्ड के ग्राम बड़ागॉव पौराणिक जलधारा है, यदि हॉ, तो इसके सौन्दर्यकरण का प्रस्ताव क्या सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>24.05.2017 | 32. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के ग्राम पंचायत सिंचाई में नलकूप विभाग की पम्पिंग योजना संचालित है? यदि हॉ, तो क्या उक्त योजना से सभी खेतों की सिंचाई हो रही है? क्या सरकार उक्त योजना में पाईपों का और संयोजन करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>24.05.2017 | 33. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले में बहने वाली नदियों के किनारों बाढ़ की सुरक्षा कार्यक्रम निर्माण में कुल कितनी योजनाऐं स्वीकृत है? क्या मंत्री जी कमवार योजनाओं का विवरण लागत सहित बताने का कष्ट करेंगे? तथा निर्माणाधीन योजनायें कब तक पूर्ण होगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>24.05.2017 | 34. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा की सीमाएं उत्तर प्रदेश के बॉर्डर से मिलती है जो कि उत्तराखण्ड का द्वार है जहॉ मुख्य रूप से तीन मार्गों पर उत्तराखण्ड के प्रवेश द्वार हो सकते है? इनमें से देवबन्द की ओर से आने वाला मार्ग सुसाड़ी उर्फ गोकलपुर पर देवबन्द से झबरेड़ा स्कूल पर आने वाला मार्ग व सहारनपुर से आने वाला मार्ग खरकड़ी दयालुपर को उत्तराखण्ड का प्रवेश द्वारा बनाने की सरकार की क्या योजना है? | **पर्यटन** |

# नत्थी- ''ग''

## वित्तीय वर्ष 2017-2018 के अनुदान मांगों में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्याः- 5- निर्वाचन, 7-वित्त, कर एवं नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाएं, 8-आबकारी, 18-सहकारिता, 20-सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण, 26-पर्यटन, 29-औद्यानिक विकास, 11-शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति, 27-वन विभाग,

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1 डा0 इन्दिरा हृदयेश<br>2 श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल<br>3 काजी निजामुद्दीन<br>4 श्री करन माहरा<br>5 श्री हरीश सिंह<br>6 श्रीमती ममता राकेश<br>7 श्री राजकुमार<br>8 श्री मनोज रावत<br>9 श्री आदेश चौहान। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |